भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

श्री अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने मॉन्ट्रियाल, कनाडा में इकाओ वर्ल्ड एविएशन फोरम में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बूथ का उद्घाटन किया।

नई दिल्ली, *7* अक्टूबर, 2016: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने हाल ही में इकाओ वर्ल्ड एविएशन फोरम एवं 39 वें इकाओ त्रैवार्षिक जनरल असेंबली मे भाग लिया। इसमें 191 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने माननीय केंन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू के नेतृत्व में इस आयोजन में भाग लिया। मॉन्ट्रियाल, कनाडा में आयोजित इकाओ वर्ल्ड एविएशन फोर्म एवं 39 वें इकाओ त्रैवार्षिक जनरल असेंबली के दौरान माननीय मंत्री जी ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बूथ का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर वहाँ श्री आलोक शेखर, इकाओ की शासकीय परिषद में भारत के प्रतिनिधि श्रीश्री आलोक शेखर, श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भाविप्रा, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा भारतीय प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय मंत्री जी ने हवाईअड्डो से संबंधित परामर्श कार्यों, हवाईअड्डों के विकास, प्रचालन एवं प्रबंधन, फ्लाइट कैलिब्रेशन सेवाओं, नोकास, गगन, एटीएफएम में परामर्श संबंधी कार्य तथा फ्लाइट-प्रोसीजर डिजाइन के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय विमानपत्तन की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने इकाओ के लक्ष्यों में से एक नौ कंट्री लेफ्ट बिहाइंड के अंतर्गत स्काईरेव 360- डाटा का एकत्र करने, उसकी इनवॉइसिंग एवं संग्रहण के लिए एक व्यापक ई-बिजनेस सोलूशन के लिए भी भाविप्रा की प्रशंसा की। भाविप्रा ने एयरपोर्टस कौंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) के विश्व त्रैवार्षिक आम सभा में भी भाग लिया। इसका आयोजन भी इसी दौरान किया गया था। इस आयोजन में हवाईअड्डा उद्योग के 2000 से भी ज्यादा लेने वाले लोगों ने भाग लिया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, जो एक सांविधिक निकाय है और उसे हवाईअड्डा प्रबंधन एवं विमान दिक्चालन सेवा प्रदाता, इन दोनों की ही जिम्मेदारी सौंपी गई है, इस तथ्य पर विश्वास करता है कि इसके 17000 कार्मिकों की विशाल संख्या का ज्ञान, दक्षता एवं दृष्टिकोण इसकी वास्तविक परिसम्पत्तियाँ है जो अमूर्त हैं। यह इकाओ की नागर विमानन प्रशिक्षण संबंधी सिद्धांत सभी के लिए प्रशिक्षण के अनुरुप है। क्षमता निर्माण संबंधी उपायों के लिए भाविप्रा द्वारा किए गए प्रयासों एवं दिए गए योगदान के लिए डॉ. फैंग लियु, महासचिव, इकाओ ने श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भाविप्रा को प्लाक प्रदान करके भाविप्रा को सम्मानित किया।

डॉ. फैंग लियु, महासचिव, इकाओ ने मान्ट्रियल, कनाडा स्थित इकाओ मुख्यालय के इकाओ म्यूजियम में उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए प्रतिष्ठित एयरपोर्ट

मैनजमेंट प्रोफेशनल एक्रीडिटेड प्रोग्राम (एएमपीएपी) के संबंध में अपने वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भाविप्रा की भूमिका की सराहना की। एमपैप, एसीआई एवं इकाओ की एक रणनीतिक पहल है। महासचिव, इकाओ ने भाविप्रा के पास सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रोफेशनल होने पर भाविप्रा को बधाई दी।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 40/2016-17

माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू ने मांट्रियाल, कनाडा में आयोजित इकाओ वर्ल्ड एविएशन फोरम एवं 39 वें इकाओ जनरल असेंबली के दौरान श्री आलोक शेखर, इकाओ की गवर्निंग कौंसिल में भारत के प्रतिनिधि, श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भाविप्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा भारतीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बूथ का उद्घाटन किया।

हित

हित